an>

Title: Need to construct a memorial dedicated to Dr. Baba Saheb Ambedkar in the premises of Indu Mills in Mumbai South Central Constituency of Maharashtra.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : अध्यक्ष महोदया, छः महीने पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन्दू मिल की 12 एकड़ जमीन पर 11 अक्टूबर, 2015 को डाक्टर बाबा साहब अम्बेडकर स्मारक के लिए एक आधारशिला रखी थी। 400 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट का भाग्य नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन और महाराÂष्ट्र के मुख्यमंत्री के बीच के विवाद के कारण अधर में लटका हुआ है। यह आश्वासन दिया गया था कि प्रस्तावित स्मारक निर्धारित अवधि में पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन अभी तक भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार को हस्तांतरित नहीं किया गया है और वहां कोई प्रगति नहीं हुई है। वस्त्र मंत्रालय के अवर सचिव ने 19 अप्रैल को राज्य सरकार में शहरी विकास मंत्रालय के प्रमुख सचिव को दो पन्नों के एक पत्र में भूमि के मुआवजे के बुनियादी मुद्दों को उठाया। यह माना गया कि जो राशि एफएसआई की बिक्री से जारी की जाएगी, भूमि की निर्माण की क्षमता के बाजार मूल्य को प्रतिबिम्बित करेगा और बदले में भूमि के उचित मूल्य पर विचार किया जा सकता है। हालांकि राज्य सरकार के टाउन प्लानिंग प्राधिकरण ने 1413.48 करोड़ रुपये भूमि का मूल्य आंका है। इस विÂषय पर उपसमिति की सिफारिशों के विपरीत वैल्यूएशन कई कमियों से ग्रस्त है और उसमें सभी प्रासंगिक कारकों को ध्यान में नहीं रखा गया है। वस्त्र मंत्रालय ने मांग की है कि क्या राज्य सरकार एनटीसी को टीडीआर अधिकार प्रदान करने के लिए कोई शर्त नहीं लगाएंगे और भूमि हस्तांतरित करने की अनुमति देंगे। इन्दू मिल की भूमि पर यह शिलान्यास हुए छः महीने बीत चुके हैं, परन्तु भूमि का हस्तांतरण अभी तक नहीं हुआ है। यह न्यायोचित नहीं है। देशवासियों को आशा थी कि स्मारक का कार्य बाबा साहब की 125वीं जयन्ती पर 14 अप्रैल, 2016 से शुरू हो जाएगा, परन्तु अभी तक कार्य शुरू होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आती है क्योंकि राज्य सरकार इस मामले में एकदम सुस्त है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इन्दू मिल की भूमि के हस्तांतरण के बारे में विवाद को शीघ्र समाप्त करके वहां डाक्टर बाबा साहब अम्बेडकर जी के अंतर्राÂष्ट्रीय स्मारक के निर्माण का कार्य तुरंत आरम्भ किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी, कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे एवं श्री विनायक भाऊराव राऊत को श्री राहुल शेवाले द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।